ढलते दौर के अनुरूप युवा अपने को तैयार करें-पी. नरहरि

कुलपति ने कहा-शिक्षा का उद्देश्य बेहतर जीवन का निर्माण होना चाहिए

इन्दौर ● स्वदेश समाचार

वर्तमान युग में मीडिया का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बाद डिजिटल और सोशल मीडिया का महत्व बढ़ रहा है। युवाओं को अपने-आपको बदलते दौर के अनुरूप तैयार करना होगा।

यह बात प्रदेश के जनसम्पर्क आयुक्त पी. नरहरि ने पत्रकारिता के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इंदौर में कही। मौका था देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर स्थित स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेशन के नवागत विद्यार्थियों को संबोधित करने का। इस विभाग में पांच दिनी इंडक्शन कार्यक्रम के अंतिम दिन के मुख्य अतिथि आयुक्त श्री नरहरि ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि मीडिया के क्षेत्र में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। मीडिया का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मीडिया का स्वरूप बदल रहा है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बाद डिजिटल

और सोशल मीडिया का विश्व में तेजी से विस्तार हो रहा है। लोकतंत्र में जनमत तैयार करने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए डेटा माइनिंग और कन्टेंट क्रिएशन की अहम भूमिका है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे समय के अनुसार अपने-आप को अपडेट करें।

इस मौके पर विवि की कुलपति डॉ. रेणु जैन ने पांच दिवसीय छात्र प्रेरणा कार्यक्रम 'चेंज' के समापन में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होकर मां सरस्वती का पूजन-माल्यार्पण किया। विभागाध्यक्ष डॉ. सोनाली नरगुंदे ने श्री नरहरि और कुलपति का स्वागत किया। कुलपति प्रो. जैन ने अपनी बात रखते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों से कहा कि हमारी शिक्षा का उद्देश्य बेहतर जीवन का निर्माण होना चाहिए। विभाग में पहली बार पहुंची कुलपति ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, आप हमारे विवि का नाम रोशन करो और अपने निश्चित लक्ष्य की प्राप्ति भी करो।

कार्यक्रम में संपादक मुकेश माथुर ने भी मौजूदगी दिखाते हुए विद्यार्थियों को पत्रकारिता में हो रहे बदलाव से अवगत कराया। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्रसिंह जयंत ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। अंतिम दिन के कार्यक्रम का संचालन डॉ. कामना लाड़ ने किया। विभागाध्यक्ष डॉ. नरगुंदे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रयोग का विमोचन

विभाग की ओर से मासिक पत्रक 'प्रयोग' का विमोचन इस दौरान किया गया। दोनों अतिथियों ने विमोचन के साथ ही संस्था की ओर से वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर कराई गई स्पर्धा में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।